No. Corrigend required.


एकादश माला, खंड 19, अंक 1

मंगलवार, 2 दिसम्बर, 1997

11 अग्रहायण, 1919 (शक)


# लोक सभा वाद-विवाद

## (हिन्दी संस्करण)

छठा सत्र

(भाग दो)

(ग्यारहवीं लोक सभा)

सत्यमेव जयते

( खण्ड 19 में अंक 1 है )


लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली

मूल्यः पचास रुपये

## सम्पादक मण्डल

श्री एस॰ गोपालन
महासचिव
लोक सभा

डा॰ अशोक कुमार पांडेय
अपर सचिव
लोक सभा सचिवालय

श्री एम॰आर॰ खोसला
संयुक्त सचिव
लोक सभा सचिवालय

श्री प्रकाश चन्द्र भट्ट
मुख्य सम्पादक
लोक सभा सचिवालय

श्री केवल कृष्ण
वरिष्ठ सम्पादक

श्री जे॰एस॰ वत्स
सम्पादक

श्री पीयूष चन्द्र दत्त
सहायक सम्पादक

श्री गोपाल सिंह चौहान
सहायक सम्पादक

श्रीमती अरूणा वशिष्ठ
सहायक सम्पादक

(अंग्रेजी संस्करण में सम्मिलित मूल अंग्रेजी कार्यवाही और हिन्दी संस्करण में सम्मिलित मूल हिन्दी कार्यवाही ही प्रामाणिक मानी जायेगी। उनका अनुवाद प्रामाणिक नहीं माना जायेगा।)

# विषय-सूची

*[एकादश माला, खंड 19, छठा सत्र (भाग दो), 1997/1919 (शक)]*

**अंक 1, मंगलवार, 2 दिसम्बर, 1997/11 अग्रहायण, 1919 (शक)**


| विषय | कालम |
|---|---|
| निधन सम्बन्धी उल्लेख . . . . . . . . . . | 1 |
| मंत्रिपरिषद के त्यागपत्र के बारे में पत्र—*सभा पटल पर रखे गये* . . . . . . | 2 |
| वित्तीय समितियां-एक समीक्षा—*सभा पटल पर रखी गई* . . . . . . | 2 |
| प्राक्कलन समिति | |
| नौवां प्रतिवेदन—*प्रस्तुत* . . . . . . . . | 2—3 |
| प्राक्कलन समिति | |
| विवरण—*सभा पटल पर रखे गए* . . . . . . . . | 3 |
| सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति | |
| बारहवां प्रतिवेदन और कार्यवाही सारांश—*प्रस्तुत* . . . . . . | 3 |
| सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति | |
| विवरण—*सभा पटल पर रखा गया* . . . . . . . . | 3 |
| रेल अभिसमय समिति | |
| तीसरा प्रतिवेदन और कार्यवाही सारांश—*प्रस्तुत* . . . . . . | 4 |
| याचिका समिति | |
| पांचवां प्रतिवेदन—*प्रस्तुत* . . . . . . . . | 4 |
| कृषि सम्बन्धी स्थायी समिति | |
| सोलहवां और सत्रहवां प्रतिवेदन—*प्रस्तुत* . . . . . . | 4 |
| संचार सम्बन्धी स्थायी समिति | |
| चौदहवां और पन्द्रहवां प्रतिवेदन—*प्रस्तुत* . . . . . . | 5 |
| खाद्य, नागरिक पूर्ति और सार्वजनिक वितरण सम्बन्धी स्थायी समिति | |
| नौवां और दसवां प्रतिवेदन—*प्रस्तुत* . . . . . . | 5—6 |
| रेल सम्बन्धी स्थायी समिति | |
| तेरहवां और चौदहवां प्रतिवेदन—*प्रस्तुत* . . . . . . | 7 |

## लोक सभा

मंगलवार, 2 दिसम्बर, 1997/11 अग्रहायण, 1919 (शक)

*लोक सभा पूर्वाह्न 11 बजे समवेत हुई*

[अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए]

*[अनुवाद]*

श्री निर्मल कान्ति चटर्जी (दमदम) : आज भी प्रश्न काल स्थगित किया जाए। कृपया उन्हें भी सभा में आमंत्रित कीजिए।

पूर्वाह्न 11.01 बजे

*[अनुवाद]*

### निधन संबंधी उल्लेख

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यगण, मुझे इस सभा को हमारे एक पूर्व सहयोगी श्री कपिल देव शास्त्री के दुखद निधन की सूचना देनी है।

श्री कपिल देव शास्त्री नौवीं लोक सभा के सदस्य थे जिन्होंने वर्ष 1989-91 के दौरान हरियाणा के सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

श्री शास्त्री एक योग्य संसद विद् थे। वह वर्ष 1990 में राज भाषा समिति, याचिका समिति और संचार मंत्रालय संबंधी परामर्शदात्री समिति के सदस्य थे।

श्री शास्त्री एक विद्वान व्यक्ति थे। सामाजिक बुराइयों से संबंधित विषयों पर उनके अनेक लेख समाचार-पत्रों में प्रकाशित हुए। उनके प्रकाशनों में सर्वाखप पंचायत और महात्मा भक्त फूल सिंह शामिल हैं।

श्री शास्त्री एक सक्रिय सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता थे। उन्होंने सामाजिक बुराइयों के विरूद्ध आवाज उठाई तथा महिलाओं और बच्चों की शिक्षा के लिए अथक प्रयास किया।

श्री कपिल देव शास्त्री का 75 वर्ष की आयु में 25 सितम्बर, 1997 को रोहतक में देहांत हो गया।

हम इस मित्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और मुझे विश्वास है कि यह सभा उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने में मेरा साथ देगी।

अब सदस्यगण दिवगंत आत्मा के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़े रहेंगे।

पूर्वाह्न 11.02 बजे

*तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे।*

*...(व्यवधान)*

श्री संतोष मोहन देव (सिल्चर) : आपने एक नाम छोड़ दिया। सभा का भी निधन संबंधी उल्लेख किया जाना चाहिए।

पूर्वाह्न 11.02 $^1/_4$ बजे

*[अनुवाद]*

### मंत्रि-परिषद के त्यागपत्र के बारे में पत्र

महासचिव : मैं निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :

(1) प्रधान मंत्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल) का राष्ट्रपति को सम्बोधित दिनांक 28 नवम्बर, 1997 का पत्र जिसमें उन्होंने अपना और अपनी मंत्रि-परिषद का त्यागपत्र दिया; और

[ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या एल॰टी॰ 2434/97]

(2) राष्ट्रपति का प्रधान मंत्री श्री इन्द्र कुमार गुजराल को दिनांक 28 नवम्बर, 1997 को भेजा गया पत्र जिसमें उन्होंने उनका त्यागपत्र और उनकी मंत्रि-परिषद के सहयोगियों का त्यागपत्र स्वीकार किया है और वैकल्पिक व्यवस्था होने तक उनसे पद पर बने रहने का अनुरोध किया है।

[ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या एल॰टी॰ 2435/97]

श्री रघुनंदन लाल भाटिया (अमृतसर) : सभा के विघटन के लिए एक मिनट का मौन रखा जाये...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदय : आप एक बच्चे के जैसा व्यवहार कर रहे हैं।

---

पूर्वाह्न 11.02 $^3/_4$ बजे

*[अनुवाद]*

### वित्तीय समितियां—एक समीक्षा

महासचिव : मैं "वित्तीय समितियां (1996-97)—एक समीक्षा" का (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

---

पूर्वाह्न 11.03 बजे

*[अनुवाद]*

### प्राक्कलन समिति

#### नौवां प्रतिवेदन

श्री रूपचन्द पाल (हुगली) : मैं जल भूतल परिवहन मंत्रालय—तटवर्ती पोत परिवहन के बारे में प्राक्कलन समिति के छियालीसवें

[श्री रूपचन्द पाल]

प्रतिवेदन (दसवीं लोक सभा) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही के संबंध में समिति का नौवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं।

---

पूर्वाह्न 11.03 $^{1}/_{2}$ बजे

*[अनुवाद]*

## प्राक्कलन समिति

### विवरण

**श्री रूपचन्द पाल** (हुगली) : महोदय, मैं भारतीय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान से संबंधित सोलहवें प्रतिवेदन (दसवीं लोक सभा) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही को दर्शाने वाले विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

---

पूर्वाह्न 11.04 बजे

*[अनुवाद]*

## सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति

### बारहवां प्रतिवेदन और कार्यवाही सारांश

**श्री जी॰ वेंकट स्वामी** (पेद्दापल्ली) : महोदय, मैं "तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड—एकल नौबंध बांध प्लव संकेतक परियोजना स्थापित करना" के बारे में सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का बारहवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) और समिति की तत्संबंधी बैठकों के कार्यवाही सारांश प्रस्तुत करता हूं।

---

पूर्वाह्न 11.04$^{1}/_{2}$ बजे

*[अनुवाद]*

## सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति

### विवरण

**श्री जी॰ वेंकट स्वामी** (पेद्दापल्ली) : महोदय, मैं सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति (ग्यारहवीं लोक सभा) का ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड के बारे में समिति के दूसरे प्रतिवेदन के अध्याय एक में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही और अध्याय पांच के संबंध में अन्तिम उत्तरों को दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल रखता हूं।

---

पूर्वाह्न 11.05 बजे

*[अनुवाद]*

## रेल अभिसमय समिति

### तीसरा प्रतिवेदन और कार्यवाही सारांश

**श्री मनोरंजन भक्त** (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह) : महोदय, मैं "वर्ष 1997-98 के लिए लाभांश की दर तथा अन्य अनुषंगी मामले" के बारे में रेल अभिसमय समिति का तीसरा प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उससे संबंधित कार्यवाही सारांश प्रस्तुत करता हूं।

---

पूर्वाह्न 11.05$^{1}/_{2}$ बजे

*[अनुवाद]*

## याचिका समिति

### पांचवां प्रतिवेदन

**श्री दिलीप संघानी** (अमरेली) : महोदय, मैं याचिका समिति का पांचवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं।

---

पूर्वाह्न 11.06 बजे

*[अनुवाद]*

## कृषि संबंधी स्थायी समिति

### सोलहवां और सत्रहवां प्रतिवेदन

**श्री संतोष कुमार गंगवार** (बरेली) : महोदय, मैं कृषि संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं :

(1) जल संसाधन मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (1996-97) के बारे में कृषि संबंधी स्थायी समिति के चौथे प्रतिवेदन (ग्यारहवीं लोक सभा) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी सोलहवां प्रतिवेदन।

(2) कृषि मंत्रालय (पशु पालन और डेयरी विभाग) से संबंधित कृषि संबंधी स्थायी समिति (1996-97) के तीसरे प्रतिवेदन (ग्यारहवीं लोक सभा) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी सत्रहवां प्रतिवेदन।

---

**पूर्वाह्न 11.06 $^1/_2$ बजे**

*[अनुवाद]*

## संचार संबंधी स्थायी समिति

### चौदहवां और पन्द्रहवां प्रतिवेदन

**श्री सोमनाथ चटर्जी** (बोलपुर) : महोदय, मैं संचार संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं :

(1) संचार मंत्रालय (डाक विभाग) के संबंध में डाक नेटवर्क संबंधी चौदहवां प्रतिवेदन।

(2) संचार मंत्रालय (दूरसंचार विभाग) से संबंधित अनुदानों की मांगों (1997-98) पर समिति के ग्यारहवें प्रतिवेदन (ग्यारहवीं लोक सभा) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी पन्द्रहवां प्रतिवेदन।

---

**पूर्वाह्न 11.07 बजे**

*[अनुवाद]*

## खाद्य, नागरिक पूर्ति और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति

### नौवां और दसवां प्रतिवेदन

**श्री रघुनंदन लाल भाटिया** (अमृतसर) : महोदय, मैं खाद्य नागरिक पूर्ति और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं :

(1) अनुदानों की मांगों (1997-98) के बारे में समिति के पांचवें प्रतिवेदन में अन्तर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी नौवां प्रतिवेदन।

(2) अनुदानों की मांगों (1997-98) के बारे में समिति के छठे प्रतिवेदन में अन्तर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्यवाही संबंधी दसवां प्रतिवेदन।

---

**पूर्वाह्न 11.07$^1/_2$ बजे**

*[हिन्दी]*

## रेल संबंधी स्थायी समिति

### तेरहवां और चौदहवां प्रतिवेदन

**श्री बसुदेव आचार्य** (बांकुरा) : महोदय, मैं रेल संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं :

(1) "रेलवे इन्जीनियर्स टेरिटोरियल आर्मी" संबंधी तेरहवां प्रतिवेदन।

(2) "भारतीय रेलवे की वर्कशापों का आधुनिकीकरण और उनकी क्षमता का उपयोग" संबंधी चौदहवां प्रतिवेदन।

**अध्यक्ष महोदय :** सभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित होती है।

**पूर्वाह्न 11.08 बजे**

*तत्पश्चात लोक सभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित हुई।*

---